# ओबीसी आरक्षण पर दाव खेलना चाहती है कांग्रेस, लेकिन कानूनी उलझनों का डर

## दरअसल सरकार रिपीट कराने के अब तक के प्रयास बहुत सफल होते नहीं दिख रहे

यही कारण है कि ओबीसी आरक्षण का दायरा बढ़ाकर कांग्रेस कई जातियों को प्रभावित करना चाहती है

लेकिन बिना जातिगत आरक्षण की यह संभव नहीं और जातिगत आरक्षण केंद्र की अनुमति के बिना संभव नहीं

जयपुर, (का.प्र.)। राजस्थान में चुनाव जीतने के लिए हर संभव कोशिश कर रहे मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान कांग्रेस के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा सहित तीनों से प्रभारी अमृता धवन, वीरेंद्र सिंह राठौड़ और काजी निजामुद्दीन के साथ में गुरुवार को दो दौर में लंबी चर्चाएं की। वैसे तो इन चर्चाओं में कई राजनीतिक पहलू थे, लेकिन सबसे बड़ी चर्चा ओबीसी आरक्षण का दायरा बढ़ाने को लेकर रही। राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने कहा भी कि ओबीसी आरक्षण को लेकर लगातार चर्चा हो रही है, लेकिन कानूनी पहलुओं और परिस्थितियों को लेकर संभावनाएं देख रहे हैं, उसके बाद ही इस मामले में कोई फैसला होगा।

दरअसल राजस्थान में ओबीसी आरक्षण का मामला ऐसा है, जिसे लेकर राजस्थान के पूर्व मंत्री और विधायक हरीश चौधरी लगातार आंदोलन कर रहे थे और मामला लगातार उठाते रहे हैं। दरअसल ओबीसी आरक्षण का मुद्दा ऐसा है, जिसे बहुत सावधानी से हैंडल करने की जरूरत है। यदि ओबीसी आरक्षण का दायरा मांग के अनुरूप 21 से बढ़ाकर 27 फीसदी किया जाता है, तो उसके लिए सबसे जरूरी है कि जातिगत जनगणना कराई जाए, लेकिन जरूरी है कि इसके बारे में केंद्र सरकार पहल करे और यदि केंद्र सरकार पहल नहीं करती है तो राज्य सरकार यदि जातिगत जनगणना करवाए तो उसके लिए कानूनी पहलुओं में मजबूत होना जरूरी है। बिहार सरकार ने केंद्र सरकार के बजाय खुद ही जातिगत जनगणना कराना शुरू किया लेकिन बिहार सरकार की ओर से शुरू कराई गई जातिगत जनगणना का मामला हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट गया और वहां सरकार को जातिगत जनगणना का काम रोकना पड़ा।

राजस्थान सरकार भी अच्छी तरह से जानती है कि यदि इस मुद्दे को बिना तैयारी के साथ आगे बढ़ाया गया, तो आगे जाकर कानूनी पेचीदगी बढ़ सकती है। वही राजस्थान सरकार अच्छी तरह से जानती है कि चुनावी वर्ष में यदि जरा सी भी चूक हुई तो फायदा होने की जगह नुकसान भी उठाना पड़ सकता है। यही कारण है कि लगातार पिछले 1 साल से राजस्थान में ओबीसी आरक्षण को लेकर चल रहे आंदोलन और बयानों के बीच सरकार चाहती तो है, कि ओबीसी जातियों को अपने पक्ष में किया जाए और इसके लिए उनका आरक्षण बढ़ाना सबसे बढ़िया कदम होगा, लेकिन इसमें कानूनी है उलझनों को लेकर सरकार लगातार चर्चाओं के बावजूद कोई रास्ता नहीं खोज पा रही है। कांग्रेस के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने कहा कि इस बारे में हम मंत्री-विधायकों के साथ ही आम जनता से भी विचार जानने का प्रयास करेंगे और उसके बाद में जो हो सकता है, वह करेंगे।

वैसे राजस्थान में जिस तरह ओबीसी की जातियों की बात की जाए, तो अधिकांश जातियां जिनमें खुद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की जाति भी शामिल है, उसका अधिकांश हिस्सा भाजपा के साथ रहता है। वहीं जब से जाट ओबीसी आरक्षण में शामिल हुए हैं, उसके बाद में हमेशा से कांग्रेस के साथ रहने वाला यह बड़ा वर्ग भी अब काफी बड़ी संख्या में भाजपा के साथ जा चुका है। ऐसे में कांग्रेस चाहती है कि ना सिर्फ जाटों को ओबीसी आरक्षण का दायरा बढ़ाकर अपने साथ लाया जाए, बल्कि ओबीसी की अन्य जातियों को भी प्रभावित किया जाए, ताकि नवंबर-दिसंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव में इन जाति और वर्गों के वोट का कांग्रेस के साथ में जुड़ सकें। हालांकि यह बहुत आसान काम नहीं है, क्योंकि यदि सिर्फ ओबीसी का आरक्षण बढ़ाया जाता है, तो अन्य वर्गों में भी यही मांग उठेगी क्योंकि ईडब्ल्यूएस के आरक्षण का दायरा बढ़ाने की मांग पहले से ही उठ रही है और ईडब्ल्यूएस में जो जातियां आती है, वह भले ही राजनीतिक रूप से जागरूकता के अभाव में अलग-अलग बैठी हुई हो, लेकिन यदि ओबीसी आरक्षण का दायरा बढ़ता है, तो इन जातियों में भी यह मांग और बढ़ेगी। ऐसे में चुनावी साल में सरकार के लिए परेशानी का सबब भी हो सकता है। यही कारण है कि ओबीसी आरक्षण का मामला सरकार एकाएक अचानक करने के बजाय सभी पहलुओं पर चर्चा कर रही है।

इसके अलावा गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा और सह प्रभारियों के साथ में जो चर्चा हुई, उसमें महंगाई राहत केंपों का आम लोगों में क्या प्रभाव पड़ रहा है। इसके अलावा कांग्रेस को लेकर लोग क्या सोच रहे हैं। स्थानीय मंत्री-विधायकों को लेकर लोगों के क्या विचार हैं, इस बारे में चर्चा हुई है।

बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत राजस्थान कांग्रेस में चल रही अंतर्द्वंद के बीच चाह रहे हैं कि राजस्थान में टिकटों का वितरण ना सिर्फ सर्वे के आधार पर हो, बल्कि फैसला राजस्थान में होने की जगह दिल्ली में बैठकर हो, ताकि यह आरोप ना लगे कि किसी एक गुट को ज्यादा तवज्जो मिली है। यही कारण है कि पहली बार मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रभारी से चर्चा करने के अलावा सह प्रभारियों को बुलाकर बात करने के साथ उनकी राजस्थान के अलग-अलग जिलों में हुई कांग्रेस जनों से चर्चा का ब्यौरा भी लिया है।

## डॉ. पूनिया आज आमजन से करेंगे मुलाकात

जयपुर। विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष व भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां शुक्रवार को सुबह 9 से 11 बजे तक प्रदेशभर के कार्यकर्ताओं और आमजन से जयपुर में राणी सती नगर स्थित अपने जनसंवाद केन्द्र पर मुलाकात करेंगे। उल्लेखनीय है कि सतीश पूनियां जयपुर रहने के दौरान जयपुर में राणी सती नगर स्थित अपने जनसंवाद केन्द्र पर सुबह 8 से 11 बजे तक कार्यकर्ताओं और आमजन से मुलाकात कर उनकी समस्यायें सुनते हैं और संबंधित अधिकारियों से फोन पर बात कर समाधान का प्रयास करते हैं।

## कर्मचारियों ने मंत्रियों के घर का घेराव किया

जयपुर । पिछले दो माह से मानसरोवर में महापड़ाव डालकर बैठे मंत्रालयिक कर्मचारी गुरूवार को उग्र हो गए। इस दौरान वह मंत्रियों के आवास का घेराव करने के लिए सिविल लाइंस पहुंच गए। वहां पर दो टीमों में कर्मचारी मंत्री महेश जोशी और आरटीडीसी चेयरमैन धर्मेन्द्र राठौड़ के घर पहुंचे। महेश जोशी के घर के बाहर नारेबाजी के दौरान पुलिस और कर्मचारियों के बीच हल्की धक्का-मुक्की हो गई। इस दौरान कर्मचारी नेताओं ने पुलिसकर्मियों पर महिला कार्मिकों से अभद्रता करने का भी आरोप लगाया। यहां करीब 70 कर्मचारियों ने गिरफ्तारी दी। पुलिस ने विद्याधर नगर थाने ले जाकर कर्मचारियों को छोड़ दिया। कर्मचारी संघ के उपाध्यक्ष मुकेश मुद्गल ने बताया कि शुक्रवार को भी नेताओं के घरों का घेराव किया जाएगा। वहीं इससे पहले महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष राजसिंह चौधरी ने प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सुखविंदर सिंह रंधावा से मुलाकात कर कर्मचारियों की मांगों से अवगत करवाया। उधर, कर्मचारियों ने पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष धमेन्द्र सिंह राठौड़ के आवास के बाहर घेराव कर नारेबाजी शुरू कर दी। इस पर राठौड़ कर्मचारियों के बीच पहुंच गए और बाद में घर में बैठकर कर्मचारी नेताओं से चर्चा की। हालांकि अभी तक उनकी मांगों का कोई समाधान नहीं निकल पाया है।

## आर.पी.एस.सी. चेयरमैन समेत 23 को ईडी का नोटिस

जयपुर। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आरपीएससी अध्यक्ष संजय श्रोत्रिय और सदस्य बाबूलाल कटारा सहित 23 लोगों को नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया है। ईडी के अधिकारी इनसे अलग-अलग समय मुख्यालय में पूछताछ करेंगे।

सूत्रों के अनुसार ईडी की दिल्ली से आई टीमों ने मामले में आरोपी आरपीएससी सदस्य बाबूलाल कटारा, भूपेन्द्र सारण, ठेकेदार सहित अन्य लोगों के यहां छापेमारी और दस्तावेजों की जांच पड़ताल की कार्रवाई लगभग पूरी कर ली है। साथ ही मामले से जूडें दस्तावेज व लोगों के बयान भी दर्ज किए है। इसके बाद ईडी ने नोटिस जारी किए है। ईडी 15 जून से पहले पूछताछ पूरी करने वाली है।

सूत्रों के अनुसार पहले चरण में आरपीएससी अध्यक्ष और सदस्य बाबूलाल कटारा से शुक्रवार को पूछताछ होने की संभावना है। संभावना यह भी है कि ईडी आरपीएससी अध्यक्ष से सवाल पूछ सकती है कि पिछले पेपरलीक के प्रकरणों में उनके द्वारा क्या किया गया? इस मामले में कोई कानूनी कार्रवाई की गई या नहीं। कटारा या किसी भी सदस्य की भूमिका अगर संदिग्ध थी तो क्या उन्होंने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री को की।

## लंबे इंतजार के बाद मुहाना मंडी से मुहाना मोड तक बनेगी सड़क



जयपुर के मुहाना मंडी से मुहाना मोड़ तक जर्जर सड़क के निर्माण कार्यों का विधायक अशोक लाहोटी ने बुजुर्गों से शुभारंभ कराया।

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । राजधानी की मुहाना मंडी से मुहाना मोड तक जर्जर क्षतिग्रस्त सड़क जल्द ही पुनः दुरुस्त होगी। सांगानेर विधायक अशोक लाहोटी के अथक प्रयासों के बाद गुरूवार को इस सड़क के निर्माण कार्य का शुभारंभ हुआ। लाहोटी ने स्थानीय बुजुर्गों, व्यापार मंडल, गाड़ियां लुहार व क्षेत्रवासियों के हाथों ही इस सड़क के निर्माण कार्य का मुहुर्त कराया।

लाहोटी ने बताया कि इस सड़क के लिए 3 बार विधानसभा में स्थगन व अन्य प्रस्तावों के जरिये मुद्दा उठाया।

**■ लंबे इंतजार के बाद मुहाना मंडी से मुहाना मोड तक बनेगी सड़क**

जेडीए कमिश्नर से मिलकर ज्ञापन सौंपे और आमजन की दिक्कतें बताई। कुछ दिनों पहले जेडीए आयुक्त का घेराव करने के बाद बैठक हुई तो 15 दिन में सड़क निर्माण शुरू करने का विश्वास दिलाया गया था, लेकिन अधिकारियों की लापरवाही के कारण यह सड़क अटकी हुई थी। अब जेडीए आयुक्त डॉ. जोगाराम से बातचीत कर इस सड़क का निर्माण कार्य शुरू कराया है। लाहोटी ने बताया कि यह सड़क बननी इसलिए जरूरी थी, क्योंकि हजारों लोग प्रतिदिन मुहाना मंडी में फल-सब्जियां खरीदने व बेचने आते हैं। सरकार और मुहाना मंडी को करोड़ों रुपये का व्यापार मिलता है, इसके बावजूद सरकार ने इस सड़क के निर्माण पर कभी ध्यान नहीं दिया। गुरूवार को इस सड़क का निर्माण कार्य शुरू कराया है, जनता की रोड, जनता के लिए बनेगी इसलिए सडक का मुहुर्त भी क्षेत्र की जनता से ही कराया है।

## येलो फीवर वैक्सीनेशन केंद्र शुरू

जयपुर। राजधानी के राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज (आरयूएचएस) में गुरूवार को येलो फीवर टीकाकरण केंद्र का उद्घाटन किया। राजस्थान लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष राजीव अरोड़ा, आरयूएचएस के वीसी डॉ. सुधीर भंडारी, फोर्टी के चेयरमैन सुरेश अग्रवाल इस दौरान मौजूद रहे। इस अवसर पर अरोड़ा ने बताया कि अफ्रीकी व कुछ मध्य अमरीकी देशों में येलो फीवर का प्रकोप होने के कारण वहां यात्रा करने से पहले यह टीका लगवाना जरूरी होता है। जयपुर से हर माह 300 से 400 लोग येलो फीवर से प्रभावित देशों में जाते हैं।

## डाक अदालत 22 जून को

जयपुर, (का.सं.)। डाक से सम्बन्धित शिकायतों के निराकरण के लिए 22 जून को मुख्य पोस्टमास्टर जनरल, जयपुर, पोस्टमास्टर जनरल, अजमेर एवं जोधपुर कार्यालय में डाक अदालत का आयोजन होगा। डाक सेवाओं के सम्बन्ध में यदि कोई शिकायत डाक व रेल डाक सेवा में काउंटर सेवा मनीआर्डर मूल्य देय वस्तुएं, बचत बैंक, स्पीडपोस्ट, पार्सल एवं बीमाकृत वस्तुओं, डाक जीवन बीमा, विदेशी डाक सेवा से सम्बन्धित हो तो शिकायतकर्ता अपना पूर्ण विवरण लिख कर सम्बन्धित पोस्टमास्टर जनरल को भेज सकते हैं।

## असीमित आकांक्षा और अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा से छात्रों में बढ़ा अवसाद : डॉ. कुसुम

जयपुर, (का.सं.)। मुक्त मंच जयपुर की 70 वीं मासिक संगोष्ठी "छात्रों में बढ़ता अवसाद, निदान और समाधान" विषय पर हुई। इसमें पूर्व आईएएस अरुण ओझा के मुख्य अतिथि थे एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. नरेंद्र शर्मा कुसुम ने अध्यक्षता की। संगोष्ठी का संयोजन शब्द संसार के अध्यक्ष श्रीकृष्ण शर्मा ने किया।

डॉ. नरेंद्र शर्मा कुसुम ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रसार ने हमें बहुत कुछ दिया किंतु अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा और अति महत्वकांक्षाओं ने छात्रों को अवसाद में धकेल दिया है। छात्रों द्वारा आत्महत्याएं भी इसी की परिणति है।

वित्त विशेषज्ञ आर.के. शर्मा ने कहा कि कोचिंग आज एक फैशन बन गया है। इसने छात्रों का चैन छीन लिया है। कोचिंग संस्थानों को बंद किया जाना चाहिए। आईएएस रिटायर्ड आरसी जैन ने कहा कि कोचिंग में टाइम जोन का ध्यान नहीं रखा जाता जिससे छात्रों पर मानसिक दबाव अवसाद में बदल रहा है।

वरिष्ठ साहित्यकार -संपादक प्रबोध गोविल ने कहा कि आरक्षण के कारण सामान्य वर्ग के प्रतिभावान छात्र उच्च पदों पर आसीन होने से वंचित हो रहे हैं। इससे वे हताशा और निराशा के शिकार हो रहे हैं। परम विदुषी साहित्यकार डॉ. सुषमा शर्मा ने कहा कि मां बाप अपने बच्चों को सुनहरे सपने दिखाकर अल्पायु में ही उन्हें शिक्षण संस्थाओं में झोंक देते हैं। ऐसे में आशातीत सफलता नहीं मिलने पर उनके ख्वाब टूट जाते हैं।

इंजीनियर दामोदर चिरानिया ने कहा कि शिक्षा प्रणाली में आमूलचूल परिवर्तन की आवश्यकता है। बच्चों में माध्यमिक शिक्षा से ही कैरियर की बुनियाद डालनी चाहिए। प्रमुख चिंतक पत्रकार सुधांशु मिश्रा ने कहा कि नीति निर्धारण में हमारी आवाज को नहीं सुना जाता। शिक्षित बेरोजगारों की संख्या लगातार बढ़ रही है जिससे उनमें निराशा का भाव पैदा होता है। मुख्य अतिथि आईएएस अरुण ओझा ने कहा कि छात्रों की गुणवत्ता को मापने का तरीका त्रुटिपूर्ण है। मूल्यांकन पद्धति को बदलने की जरूरत है। अब तक अधिकतर उत्कृष्ट कार्य टॉपर्स की बजाय ड्रॉपआउटस द्वारा किए गए हैं। पूर्व बैंकर इंद्र भंसाली ने कहा कि छात्रों के सामने आज परीक्षाओं का जाल बिछा दिया गया है। बच्चों को रुचि के अनुसार कैरियर चुनने की सुविधा होनी चाहिए। कार्यक्रम संयोजक श्रीकृष्ण शर्मा ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि 2021 में करीब 13 हजार छात्रों ने आत्महत्या की और 4 प्रतिशत की दर से उसमें वृद्धि हो रही है। कोचिंग हब सुसाइड मंडी के रूप में बदलते जा रहे हैं। कोचिंग हब धन कमाने के माध्यम बनते जा रहे हैं।

## फिरौती मांगने वाले चार पकड़े

जयपुर। प्रताप नगर थाना पुलिस ने फिरौती के लिए एक युवक का अपहरण करने वाले चार अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही अपहरण हुए युवक को सकुशल मुक्त कराया गया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व ज्ञानचन्द्र यादव ने बताया कि प्रताप नगर थाना पुलिस ने 19 वर्षीय लेखराज का अपहरण कर फिरौती मांगने वाले गिरधारी सिंह निवासी नादौती जिला करौली, कपिल मीणा निवासी महावीरजी जिला करौली हाल प्रतापनगर जयपुर, रोशन मीना निवासी शिवदासपुरा जयपुर और रोहित मीणा निवासी शिवदासपुरा जयपुर को गिरफ्तार किया गया है।

आरोपित गिरधारी सिंह अपहृत लेखराज का पूर्व परिचित है। आरोपी गिरधारी सिंह ज्ञात हुआ कि अपहृत लेखराज के पास कही से रुपये आये हुये है। जिस पर उसने बहाने से फोन कर लेखराज प्रतापनगर से शिवदासपुरा टोल टैक्स पर बुलाया।

## लापरवाही से चेक गुम, बैंक पर लगाया 55 हजार रुपए हर्जाना

जयपुर, (का.सं.)। जिला उपभोक्ता आयोग क्रम-तृतीय ने बैंक की लापरवाही के चलते उपभोक्ता का चेक गुम होने को सेवा दोष करार देते हुए यस बैंक पर 55 हजार रुपए का हर्जाना लगाया है। आयोग के अध्यक्ष देवेन्द्र मोहन माथुर व सदस्य सीमा शर्मा ने यह आदेश गोविन्द सोनी के परिवाद पर दिए। परिवाद में बताया गया कि उसका विपक्षी बैंक में एक बचत खाता था। उसने दीपक सोनी द्वारा 13 सितंबर 2018 को उसके नाम से जारी 68 हजार रुपए का चेक भुगतान लेने के लिए अपने बैंक में पेश किया, लेकिन चेक राशि उसके खाते में जमा नहीं हुई। बैंक से पूछने पर भी सही जवाब नहीं दिया और वे टालते रहे। परिवादी ने 16 अक्टूबर 2018 को लिखित में बैंक में शिकायत की। जिसके जवाब में बैंक की ओर से उसे विवादित चेक की फोटो कॉपी और चेक जारीकर्ता के बैंक खाते में पर्याप्त राशि नहीं होने पर चेक रिटर्न के रिमार्क की कॉपी दी गई। जब परिवादी ने मूल चेक के लिए पूछा तो बैंक ने कहा कि उन्होंने 20 सितंबर 2018 को ही ओवरनाइट कोरियर के जरिए उसे भिजवा दिया था, लेकिन कोरियर वाले से पार्सल खो गया था। इसकी रिपोर्ट कोरियर वाले ने 17 नवंबर 2018 को साइबर क्राइम थाने में दर्ज कराई थी। बैंक की इस लापरवाही को उपभोक्ता अदालत में चुनौती देते हुए कहा कि परिवादी ने बड़ी मुश्किल से अपनी उधार राशि के भुगतान पेटे दीपक से चेक लिया था, लेकिन चेक खोने के चलते उसे राशि नहीं मिली है और वह चेक बाउंस का केस भी नहीं कर सकता। बैंक की लापरवाही से परिवादी को आर्थिक नुकसान हुआ है। इसलिए उसे बैंक से हर्जाना दिलवाया जाए। इस पर सुनवाई करते हुए आयोग ने बैंक पर हर्जाना लगाया है।

**■ परिवादी ने मूल चेक के लिए पूछा तो बैंक ने कहा कि उन्होंने ओवरनाइट कोरियर के जरिए उसे भिजवा दिया था, लेकिन कोरियर वाले से पार्सल खो गया था**

## महिला नर्सिंगकर्मी से मारपीट

जयपुर । जयसिंहपुरा खोर स्थित एक निजी अस्पताल में महिला नर्सिंगकर्मी से मारपीट का मामला सामने आया है। महिला मरीज के इलाज के दौरान भड़के परिजनों ने महिला नर्सिंगकर्मी के साथ जमकर मारपीट की। वार्ड से मारते हुए बाहर लाकर जमीन पर गिराकर लात-घूसों से पीटा। जानलेवा हमला करने के बाद गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। हॉस्पिटल में लगे सीसीटीवी फुटेज में मारपीट की घटना कैद हो गई। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज किया और बदमाशों की तलाश शुरू की। पुलिस ने बताया कि सिंगोदिया विहार जयसिंहपुरा खोर निवासी शोभना राव (29) ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि उसने जयपुर हॉस्पिटल से नर्सिंग की पढ़ाई की है। स्टडी पूरी करने के बाद से जयसिंहपुरा खोर स्थित रोहित हॉस्पिटल में नर्सिंग स्टाफ (सिस्टर) के पद पर कार्यरत है। गत 5 जून को दोपहर करीब 1 बजे एक महिला मरीज आई थी। महिला मरीज के साथ करीब 7-8 लोग मौजूद थे। डॉक्टर ने महिला मरीज की की लिखा था। वार्ड में मरीज की जांच करने गई। महिला मरीज को उसके परिजन घेर के खड़े थे। जिस पर उसने परिजनों को कहा कि महिलाएं यहां रुक जाए, बाकी आदमी बाहर चले जाए। इस बात को सुनकर महिला मरीज के साथ आए एक व्यक्ति भड़क गया। महिला नर्स शोभना ने बताया कि महिला मरीज के साथ आया परिजन उससे गाली-गलौज करने लगा। कहने लगा तू कौन होती है बाहर भेजने वाली। हम तेरे को निकाल सकते है। ये सुनकर डॉक्टर से ईसीजी कराने की बात कहकर नर्स शोभना जाने लगी। बाहर डॉक्टर को शिकायत करने जाते देखकर मरीज के साथ आए परिजनों ने उसे पकड़ लिया। दोनों हाथ पकड़कर उसके साथ अभद्रता की। विरोध कर महिला नर्सिंगकर्मी ने छुडाने के लिए लात भी मारी, लेकिन उसके बाद भी उसे नहीं छोड़ा। महिला नर्स शोभना ने बताया कि महिला मरीज के परिजनों ने उसके साथ जमकर मारपीट की।

## इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनाकर धोखाधड़ी करने वाले 7 ठग दबोचे

जयपुर (कासं)। सोशल मीडिया 'इंस्टाग्राम' पर फर्जी आई.डी. बनाकर लोगों को ठगने वाले 7 बदमाशों को जयपुर पुलिस की स्पेशल टीम ने दबोचा है। करधनी इलाके में कार्रवाई करते हुए धोखाधड़ी करने वाली इस राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय गैंग का खुलासा किया गया है।

**■ 3 हजार रुपये फेसबुक को जमा कराकर लाखों लोगों तक विज्ञापन का प्रचार करते थे आरोपी**



जयपुर पुलिस की स्पेशल टीम ने लोगों से ठगी करने वाले सात बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर कैलाश चन्द बिश्नोई ने बताया कि गैंग के सुधांशु शर्मा (20) निवासी मोहल्ला निवारू गांव करधनी जयपुर, हिमांशु (18) निवासी शिवनगर प्रथम निवारू रोड करधनी, रवि सिंह (21) निवासी गोकुलेश नगर करधनी, उदेश गुर्जर (19) निवासी उदयपुरवाटी झुंझुनूं हाल अम्बाबाडी विधाधर नगर, सौरभ सिंह (20) निवासी नांगल चौधरी हरियाणा हाल गोकुलेश नगर करधनी, हर्षवर्धन (21) निवासी गुढा गोडजी झुंझुनूं हाल करधनी और शेखर राठौड़ (19) निवासी रिद्धी-सिद्धी नगर करधनी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से वारदात में प्रयुक्त 12 मोबाइल फोन जब्त किए है।

गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि वह एक गिरोह बनाकर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर इन्स्ट्राग्राम पर कूटरचित एवं प्रतिरूपण करके फर्जी आईडी बनाते है और उसका प्रचार प्रसार के लिये काल्पनिक नामों से आईडी बनाते है तथा उस पर विज्ञापन जारी करके 40 से 60 मिनट में ही बड़ी कमाई का झांसा देकर लोगों को रुपये जमा करवाने के लिये प्रेरित करते है। व्यक्ति के झांसे में आने पर तरह तरह के चार्जेज बता कर बार-बार उनसे ठगी करते है। आरोपी बैंक अकाउंट व ऑनलाइन पेमेंट प्लेटफार्म जैसे फोन पे, गूगल पे, ऑनलाइन बैंकिंग का उपयोग करके पैसा जमा करवाते है, जिन लोगों का अकाउंट यूज करते है उन लोगों को 10 से 15 प्रतिशत कमीशन देकर उनके खातों में पैसा डलवा कर नगदी प्राप्त करते है।

आरोपित सचिन राजपूत, कुमारी दीया, सैन अर्जुन राजपूत, अक्षित पारीक, दीपेश वैष्णव, मानवेन्द्र सिंह गैंग के मुख्य सरगना है जो पुणे एवं जयपुर में रहकर गैंग को संचालित करते है। कमीशन के रूप में ठगी की राशि प्राप्त करते है। आरोपियों ने कुणाल गुप्ता, पिन्स राजपूत, जीतू माली, वंश कौशिक, निश्चय बोहरा, विवेक बोहरा, नंदलाल जाट, रोशन बागडा, दीपक बगडी वाल, कृष्णा गुर्जर, अभिषेक पलसानिया, रितिक तंवर, दीपांशु कुमार ने भी इसी प्रकार ठगी करना स्वीकार किया है।

आरोपी ओलंपिया ट्रेडिंग नाम की वेबसाइट पर डमी डाटा फील कर आम आदमी को झांसे में डालकर ठगी के शिकार व्यक्तियों को होने वाले लाभ की स्थिति बता कर अधिक से अधिक पैसा जमा कराने के लिए उत्प्रेरित कर धोखाधडी से ठगी करते है। आरोपित पीडितों से छोटी-छोटी राशि के रूप में ठगी करते थे जिससे पीडित शिकायत कम से कम करें। पीडितों से ठगी की राशि प्राप्त कर लग्जरी स्टाइल जैसे महंगे होटलों में खाना, शराब पीना, नशा करना, महंगे मोबाइल फोन रखना आदि शौक रखते थे। गिरफ्तार आरोपियों से धोखाधड़ी करने के संबंध में तथा वारदात में शरीक अन्य आरोपियों के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

जानकारी में सामने आया कि आरोपित इन्वेस्टमेंट प्लान का डिजिटल पोस्टर तैयार करते है और तीन हजार रुपये में फेसबुक को जमा करवाकर लाखो लोगों तक इस विज्ञापन को बेचते है। जिसमें से 100-200 लोग इनसे निवेश करने के लिये सम्पर्क करते है और उसमें से 40-50 लोग निवेश कर भी देते है। ज्यादातर ये लोग 2000 से 5000 तक के इन्वेस्टमेंट प्लान बताते है और ओलंपिया ट्रेडिंग नाम की वेबसाइट पर बढा चढाकर मुनाफा दिखा कर फर्जी तरीके से अलग अलग चार्जेज के नाम से पैसा जमा कराते है। जब व्यक्ति को यह समझ आ जाता है कि उसके साथ ठगी हो गयी है तो बदतमीजी कर फोन नम्बर ब्लॉक कर देते है।

आरोपियों पैसा जमा कराने के लिये कई अनजान लोगों के अकाउंट किराये पर लेते है और उनको 15 से 20 प्रतिशत कमीशन देकर नगद पैसा प्राप्त कर लेते है। इन ठगों के चक्कर में आकर नेपाल की एक युवती ने भी 9 लाख रुपये ठगा चुकी जिसके सम्बन्ध में नेपाल में प्रकरण दर्ज हो चुका है। वाराणसी की नर्स प्रिती पटेल से भी उन्होंने 01 लाख रुपये की ठगी की। जिससे संपर्क करने पर उसने भी आरोपियों के खिलाफ ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई है। इनके गिरफ्त में आने पर जयपुर पुलिस ने प्रिती पटेल से सम्पर्क किया तो वह भावुक होकर फूट-फूटकर रोने लगी।

## 10-10 हजार रु. के चार इनामी बदमाश गिरफ्तार

जयपुर । जयपुर पुलिस मुख्यालय की स्पेशल टीम क्राइम इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट (सीआईडी क्राइम ब्रांच) टीम ने अलवर व भरतपुर पुलिस के सहयोग से जवाहर सर्किल और खो नागोरियान थाने में दर्ज दो अलग-अलग मुकदमों में वांछित चार इनामी बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

भरतपुर पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा ने बताया कि जयपुर के जवाहर सर्किल के मुकदमे में भरतपुर जिले में नगर थाना क्षेत्र के मुंडिया गांव निवासी सिराज, कामिल और शाकिर को गिरफ्तार किया गया है जबकि थाना खोनागोरियां में वांछित आरोपी कैथवाडा के धर्मशाला गांव निवासी सलीम को गिरफ्तार किया गया है। इन चारों आरोपियों पर पुलिस मुख्यालय से 10-10 हजार रुपए का इनाम घोषित है। कच्छावा ने बताया कि थाना जवाहर सर्किल पर दर्ज मुकदमे में वांछित आरोपी सिराज,कामिल और शाकिर के सीकरी फाटक कस्बा नगर में खडे होकर किसी का इंतजार करने की सूचना पर सीआईडी सीबी रेंज सेल भरतपुर के नेतृत्व में गठित की गई। टीम दबिश देकर मौके से तीनों को डिटेन किया गया। इसी दौरान सूचना मिली की थाना खोनागोरियान में वांछित अभियुक्त सलीम सिरथली कुतकपुर चौराहे पर किसी का इंतजार कर रहा है। सूचना पर टीम कुतकपुर चौराहे पहुंची और घेरकर आरोपी को पकडा गया।

**■ जयपुर पुलिस व सी.आई.डी. ने भरतपुर-अलवर टीमों की मदद से कार्रवाई की**

पुलिस मुख्यालय की स्पेशल टीम क्राइम इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट (सीआईडी क्राइम ब्रांच) टीम और दौसा जिला स्पेशल टीम(डीएसटी) की टीम ने ओएलएक्स पर ठगी और ऑनलाइन ब्लैकमेलिंग के मामले में थाना खो नागोरियान में दर्ज मुकदमे में दस-दस हजार रुपये के दो इनामी आरोपियों को दस्तयाब किया है। फिलहाल इनसे गहनता से अनुसंधान किया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक क्राइम दिनेश एमएन ने बताया कि क्राइम ब्रांच ने आरोपी आजम खान निवासी कैथवाडा जिला भरतपुर तथा असलम खान निवासी नगर जिला भरतपुर को गिरफ्तार किया गया है। इन आरोपियों के विरुद्ध जयपुर पूर्व जिले के थाना खोह-नागोरियान में राजस्थान के कई जिलों में लोगों से ओएलएक्स पर ठगी और ब्लैकमेलिंग के आरोप में मुकदमा दर्ज है। इसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस मुख्यालय से 10-10 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया हुआ है।

## 43 लाख रु.के सोने के साथ दो महिलाएं गिरफ्तार

जयपुर । सांगानेर एयरपोर्ट पर सोने की तस्करी के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। गत 7 दिन में दूसरी बार गोल्ड तस्करी करते हुए दो महिलाओं को गिरफ्तार किया। जब इनकी जांच की तो इनके रेक्टम से करीब 43 लाख का गोल्ड मिला। मामला जयपुर एयरपोर्ट पर बुधवार दोपहर करीब 2 बजे का है। इन्हें सवाई मानसिंह हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां सर्जरी 350-350 ग्राम के दो कैप्सूल निकाले गए। प्रारंभिक जानकारी में सामने आया कि ये कैप्सूल दिल्ली में सप्लाई करने थे। कस्टम अधिकारियों ने बताया कि दोनों महिलाएं बैंकॉक की रहने वाली है। 7 जून बुधवार दोपहर 2 बजे बैंकॉक से फ्लाइट 130 से महिलाएं जयपुर आई थी। एयरपोर्ट पर डिटेन कर उन्हें गोल्ड के बारे में पूछताछ की गई। इस पर उन्होंने किसी तरह का गोल्ड होने से मना कर दिया। कस्टम अधिकारियों ने जांच की तो उन्हें गोल्ड नहीं मिला। शक होने पर कस्टम अधिकारियों ने कोर्ट से महिलाओं के एक्स-रे की परमीशन मांगी। परमिशन मिलने के बाद दोनों महिलाओं को शाम करीब 5 बजे हॉस्पिटल लाया गया। यहां सीनियर सर्जन की मौजदूगी में जब एक्स-रे किया गया तो दोनों के रेक्टम में गोल्ड का कैप्सूल दिखाई दिया। करीब 2 घंटे में दोनों के रेक्टम से गोल्ड के कैप्सूल बाहर निकाले गए। गुरुवार को सुबह करीब 10 बजे इन्हें कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया है।